नैक **(NAAC)** द्वारा **'A'** ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# हिंदी विश्वविद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी बुधवार से

वर्धा, दि. 06 अगस्त 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास पर




7 एवं 8 अगस्त को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का उदघाटन प्रात: 10.30 बजे गालिब सभागार में होगा। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे। उदघाटन सत्र में 'वर्तमान समय की चुनौतियां और गोस्वामी तुलसीदास' विषय पर विमर्श होगा। द्वितीय सत्र दोपहर 2.30 बजे होगा जिसमें 'तुलसीदास का काव्य सौंदर्य एवं भाषा का स्वरूप' विषय पर चर्चा होगी। 8 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे 'तुलसीदास की भक्ति एवं दार्शनिक चेतना का स्वरूप' विषय पर वक्ता अपने विचार रखेंगे। दोपहर 2.30 बजे समापन सत्र में तुलसीदास के काव्य में लोक मंगल का भाव' विषय पर विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी में उपस्थित रहने की अपील संयोजक प्रो.अवधेश कुमार ने की है।